# कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट सुलतानपुर।

संख्या 1770/जे0ए0–शा0अधि0–नियुक्ति दिनांक 17 अक्टूबर,2022

## विज्ञप्ति

न्याय अनुभाग–03(नियुक्तियॉ) उ0प्र0 शासन लखनऊ द्वारा निर्गत शासनादेश संख्याः–फाइल नं0–07–3099/7/2022–3 दिनांक 18.09.2022 द्वारा दिये गये निर्देश के कम में शासकीय अधिवक्ताओं के वर्तमान में रिक्त पदों पर इच्छुक अधिवक्ताओं के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। रिक्त पदों की संख्या व वांछित योग्यता का विवरण निम्नवत् है–

| क0 | पदनाम | रिक्त पदों की संख्या | वांछित योग्यता |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| *01* | *जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी)* | 01 | *ऐसे अधिवक्ता जिन्होंने न्यूनतम 10 वर्ष की प्रैक्टिस (विधि व्यवसाय) पूर्ण कर ली हो।* |
| *02* | *सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी)* | 02 | *ऐसे अधिवक्ता जिन्होंने न्यूनतम 07 वर्ष की प्रैक्टिस (विधि व्यवसाय) पूर्ण कर ली हो।* |
| *03* | *सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व)* | 01 | *ऐसे अधिवक्ता जिन्होंने न्यूनतम 07 वर्ष की प्रैक्टिस (विधि व्यवसाय) पूर्ण कर ली हो।* |
| *04* | *नामिका अधिवक्ता (फौजदारी)* | 03 | *ऐसे अधिवक्ता जिन्होंने न्यूनतम 05 वर्ष की प्रैक्टिस (विधि व्यवसाय) पूर्ण कर ली हो।* |
| *05* | *नामिका अधिवक्ता (दीवानी)* | 03 | *ऐसे अधिवक्ता जिन्होंने न्यूनतम 05 वर्ष की प्रैक्टिस (विधि व्यवसाय) पूर्ण कर ली हो।* |

उक्त पद हेतु वांछित योग्यता रखने वाले इच्छुक अधिवक्ता अपना आवेदन पत्र निम्न प्रारूप पर समस्त प्रमाणित विवरण पत्र/प्रमाण पत्र के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में **दिनांक 18.10.2022 से 10.11.2022 तक** किसी भी कार्य दिवस में **प्रातः 10:00 बजे से सायं 04 बजे तक** 02 प्रतियों में **न्याय सहायक कलेक्ट्रेट के पटल पर** प्रस्तुत कर सकते हैं। अपूर्ण प्रार्थना पत्रों व अन्तिम तिथि के उपरान्त प्राप्त प्रार्थना पत्रों को स्वीकार नही किया जायेगा और न इन पर कोई विचार ही किया जायेगा।

उक्त पद हेतु अधिकतम आयु 60 वर्ष से कम होनी चाहिए। आवेदक से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने नाम और ऐसे विवरण दें जैसे आयु, विधि वर्ग, संस्था (बार) में किये गये विधि व्यवसाय की अवधि हिन्दी में प्राप्त योग्ताएं पिछले 03 वर्षो में विधि व्यवसाय की आय पर उनके द्वारा अदा किये गये आयकर की धनराशि और यदि आयकर न लगाया गया हो तो उनके द्वारा भेजी गयी आयकर विवरणी यदि कोई हो दो वर्षो की कार्यवाही के दौरान उनके द्वारा किये गये कार्य का न्यायालय द्वारा यथा विधि सत्यापित ब्योरा उपलब्ध करायेंगे। उक्त नियुक्ति निर्धारित अवधि के लिए व्यवसायिक आबद्धता के रूप में की जायेगी और राज्य सरकार को किसी भी समय बिना कोई कारण बताये आबद्धता समाप्त करने का अधिकार होगा।

आवेदक उक्त विज्ञप्ति की जानकारी राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र एन0आई0सी *(N.I.C)* की बेवसाईट sultanpur.nic.in पर भी देख सकते हैं।

**आवेदन पत्र दो प्रतियों में निम्न प्रकार प्रेषित किए जायेंगें:–**

फोटो

1. नाम, पिता का नाम तथा पता (बायोडाटा)।
2. शैक्षिक योग्यता (सत्यापित प्रमाण पत्र संलग्न किये जाये)।
3. जन्म तिथि (हाई स्कूल उत्तीर्ण प्रमाण पत्र आदि की प्रमाणित प्रतियां संलग्न की जाय)।
4. विधि व्यवसाय में कार्य की अवधि तथा अनुभव।

panal

5. अधिवक्ता (एडवोकेट) बनने की तिथि।
6. किस कानून की वकालत करते है।
7. हिन्दी ज्ञान।
8. विगत 2 वर्षो में न्यायालयों मे किये गये कार्यो का सत्यापित विवरण जिसमें सफलता का प्रतिशत स्पष्ट रूप से अंकित हो।
9. आयकर भुगतान सम्बन्धी सूचना।
10. क्या कोई दूसरा पद अथवा सरकारी वकील/ओथ कमिश्नर, नोटरी, एमिकसक्यूरी (न्याय मित्र) आदि का पद धारण करते है, यदि हां तो कौन सा पद तथा आवेदित पद पर नियुक्ति हो जाने पर क्या उस पद से त्याग पत्र दे देंगें।
11. संलग्न प्रारूप ''क'' तथा ''.ख'' में विवरण।
12. अन्य कोई विशेष विवरण।
13. राजनीति में भाग लेने की दशा में उससे सम्बन्ध विच्छेद करने का अण्डरटेकिंग दिया जाय।
14. चरित्र/आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र संलग्न किया जाय।

जिला मजिस्ट्रेट
सुलतानपुर।

**संख्या व दिनांक : उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव एवं विधि परामर्शी विधायी, उ0प्र0 शासन, न्याय अनुभाग–3 (नियुक्तियां) लखनऊ को सूचनार्थ।
2. विशेष सचिव एवं अपर विधि परामर्शी, उ0प्र0 शासन, न्याय अनुभाग–3 (नियुक्तियां) लखनऊ को शासनादेश संख्याः–फाइल नं0–07–3099/7/2022–3 दिनांक 18.09.2022 के क्रम में सूचनार्थ।
3. मा0 जनपद न्यायाधीश, सुलतानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. पुलिस अधीक्षक, सुलतानपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
5. जिला मजिस्ट्रेट अयोध्या/अम्बेडकर नगर/अमेठी/प्रतापगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. अध्यक्ष/सचिव बार एसोसिएशन जनपद अयोध्या/अम्बेडकर नगर/अमेठी/प्रतापगढ़ को इस आशय से कि कृपया अपने जनपद के सभी अधिवक्तागण को विज्ञप्ति से अवगत कराने का कष्ट करें।
7. अध्यक्ष/सचिव बार एसोसिएशन सुलतानपुर को इस आशय से कि कृपया सभी अधिवक्तागण को विज्ञप्ति से अवगत कराने का कष्ट करें।
8. समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट/तहसीलदार जनपद सुलतानपुर को इस आशय से कि इस विज्ञप्ति को नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराएं।
9. जिला विज्ञान सूचना अधिकारी एन0आई0सी0 सुलतानपुर को उपरोक्तानुसार बेवसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
10. जिला सूचना अधिकारी, सुलतानपुर को 05 प्रतियों में इस आशय से कि उक्त का प्रचार–प्रसार निःशुल्क समाचार पत्रों के माध्यम से करायें।
11. ओ0एस0डी0–जिला मजिस्ट्रेट सुलतानपुर।
12. नाजिर सदर,कलेक्ट्रेट को नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने हेतु।

जिला मजिस्ट्रेट
सुलतानपुर।

panal

## प्रारूप—क

अधिवक्ता का नाम......................................................................................................

कार्य की अवधि.........................................................................................................

(क) आपराधिक (नियमित वाद):—

| संचालित वादों की संख्या | विमुक्ति | दोष—सिद्ध | विमुक्त अभियुक्तों की संख्या | दोष—सिद्ध अभियुक्तों की संख्या | विचाराधीन वादों की संख्या यदि कोई हो | विशेष कारणों सहित विमुक्त का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

नाम अधिवक्ता

(ख) शासन द्वारा निवेशित आपराधिक अपील तथा पुनरीक्षण:—

| संचालित मामलों की संख्या | खारिज/ अस्वीकार की गयी | स्वीकार की गई | अभियुक्तों की कुल संख्या | विमुक्त अभियुक्तों की संख्या | दोष—सिद्ध अभियुक्तों की संख्या | विचाराधीन मामलों की संख्या | विशेष कारणों सहित, यदि काई हो,शासन की सफलता का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

नाम अधिवक्ता

(ग) अभियुक्त द्वारा निवेशित आपराधिक अपीलें तथा पुनरीक्षण:—

| संचालित मामलों की संख्या | खारिज/ अस्वीकार की गयी | स्वीकार की गई | अभियुक्तों की कुल संख्या | विमुक्त अभियुक्तों की संख्या | दोष—सिद्ध अभियुक्तों की संख्या | विचाराधीन मामलों की संख्या | विशेष कारणों सहित, यदि काई हो,शासन की सफलता का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

नाम अधिवक्ता

प्रारूप--ख

2(क) सिविल / राजस्व (मूल वाद)--शासन वादी--

| संचालित मामलों की संख्या | खारिज | विचाराधीन | शासन की सफलता का प्रतिशत | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |

नाम अधिवक्ता

2(ख) सिविल / राजस्व (मूल वाद)--शासन प्रतिवादी--

| संचालित मामलों की संख्या | खारिज | विचाराधीन | शासन की सफलता का प्रतिशत | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |

नाम अधिवक्ता

2(ग) शासन द्वारा निवेशित सिविल / राजस्व अपीलें:--

| संचालित मामलों की संख्या | खारिज | स्वीकार की गई | विचाराधीन | शासन की सफलता का प्रतिशत | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |

नाम अधिवक्ता

2(घ) शासन के विरूद्ध निवेशित सिविल / राजस्व अपीलें:--

| संचालित मामलों की संख्या | खारिज | स्वीकार की गई | विचाराधीन | शासन की सफलता का प्रतिशत | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |

नाम अधिवक्ता